दिनांक : 17.01.2026 समय : 01:00 पी.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

राष्ट्रमंडल देशों के संसदीय प्रतिनिधि आज से दो दिन के दौरे पर जयपुर पहुंचे। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने हवाई अड्डे पर प्रतिनिधि मंडल की अगुवानी की। 120 सदस्यीय इस दल में विधायिकाओं के अध्यक्ष, सदस्य और उच्च स्तरीय संसदीय अधिकारी शामिल हैं। ये प्रतिनिधि मंडल प्रदेश में संसदीय परम्पराओं का अध्ययन करेगा। इसके साथ ही ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण कर राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के बारे में भी जानकारी हासिल करेगा।

000

देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन आज से शुरू हो रही है। ये ट्रेन हावड़ा, गुवाहाटी और कामाख्या के बीच चलेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मालदा रेलवे स्टेशन से इस ट्रेन को रवाना करेंगे। पूरी तरह से वातानुकूलित वंदे भारत स्लीपर रेलगाड़ी यात्रियों को किफायती किराए पर हवाई यात्रा का अनुभव देगी। इससे लंबी दूरी की यात्राएं तेज, सुरक्षित और अधिक सुविधाजनक बनेंगी। 823 यात्रियों की कुल क्षमता वाली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन में 16 आधुनिक कोच हैं। यह सेवा आम यात्रियों, छात्रों, पेशेवरों, प्रवासी श्रमिकों, व्यापारियों और तीर्थयात्रियों के लिए विशेष रूप से लाभदायक होगी।

000

जयपुर के हीरापुरा बस स्टैंड से बसों का नियमित संचालन शुरू हो गया है। पहले चरण में अजमेर के लिए 133 और खाटूश्यामजी के लिए 75 बसें चलाई गई हैं। परिवहन सचिव शुचि त्यागी ने बताया कि इन दोनों रूटों पर बस संचालन से शहर के यातयात दबाव में काफी फर्क पड़ेगा।

000

सवाईमाधोपुर शहर का तीन दिवसीय स्थापना दिवस समारोह आज से त्रिनेत्र गणेश की महाआरती के साथ शुरू हुआ। समारोह में फोटो, पेंटिंग सहित कई प्रतियोगिताएं रखी गई हैं। इसके साथ ही विभिन्न प्रकार के पारम्परिक खेलों के मुकाबले भी आयोजित किये जा रहे हैं। इस बार स्थापना दिवस कार्यक्रम में बाघ और अमरूद महोत्सव भी शामिल किये गये हैं। देश में पहली बार हो रहे अमरूद महोत्सव को किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। ये जिले की कृषि पहचान को राष्ट्रीय मंच देने का प्रयास है।

000

उत्तरी हवाओं के कमजोर पड़ने से प्रदेश में तापमान में बढ़ोतरी हुई है। इससे लोगों को कड़ाके की सर्दी से थोड़ी राहत मिली है। मौसम विभाग के अनुसार दिन और रात के तापमान में 2 डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी दर्ज हुई है। 3 दशमलव 8 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ करौली बीती रात सबसे सर्द रहा। अलवर और भरतपुर सहित कुछ स्थानों पर सुबह देर तक घना कोहरा छाया रहा। इस बीच, राज्य में आज से एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है। इसका असर प्रदेश के उत्तरी और पश्चिमी भागों में रहेगा। इससे कहीं–कहीं बादल छाये रहने और मावठ के आसार हैं।

000

उदयपुर के सवीना क्षेत्र में आज तड़के दो कारों की टक्कर में 4 लोगों की मौत हो गई और 6 व्यक्ति घायल हो गये। हादसा नेला तालाब के पास हुआ। सवीना थानाधिकारी ने बताया कि हादसे के शिकार युवक उदयपुर के रहने वाले थे और एक धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद लौट रहे थे।

000

उदयपुर बर्ड फेस्टिवल का आगाज कल रामसर साइट मेनार में हुआ। तीन दिवसीय इस फेस्टिवल का उद्घाटन चित्तौडगढ़ सांसद सी.पी. जोशी ने किया। इस मौके पर विद्यार्थियों के लिए चित्रकला

और प्रश्नोत्तरी भी रखी गई। वहीं प्रतिभागियों को वैटलेंड मित्र बनने की शपथ दिलवाई गई। फेस्टिवल के दूसरे दिन आज विभिन्न जलाशयों पर बर्ड वॉचिंग कार्यक्रम रखा गया है।

000

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से आज से अध्यापक सीधी भर्ती परीक्षा 2025 आयोजित की जा रही है। ये परीक्षा प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में 7 हजार 700 से अधिक पदों पर अध्यापकों की भर्ती के लिए हो रही है। परीक्षाएं 20 जनवरी तक होंगी।

000

राजस्थान पुलिस ने फेक ट्रैफिक ई–चालान के जरिये साइबर ठगी करने वाले लोगों से सतर्क रहने के लिए एडवाइजारी जारी की है। डीआईजी विकास शर्मा ने बताया कि साइबर अपराधियों ने ट्रैफिक ई–चालान को ठगी को नया तरीका बनाया है और इस बारे में मोबाइल पर लिंक के साथ ई–चालान का मैसेज भेज रहे हैं। उन्होंने लोगों से इस तरह के किसी लिंक पर क्लिक करने से बचने और सतर्क रहने को कहा है।

000

गणतंत्र दिवस समारोह में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में भारत की सैन्य शक्ति और सांस्कृतिक विविधता का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। कल नई दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने बताया कि यह समारोह आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना के साथ–साथ राष्ट्रीय गीत को एक अनूठी श्रद्धांजलि अर्पित करेगा।

000